विद्यार्थियों को आपदा से बचने के तरीके सिखाये

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। एसडीआरएफ राजस्थान की ओर से चलाये जा रहे 20 दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को शहर के चौपड सर्किल के समीप स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधार्थियों को आपदा से बचने के तरीके बताये।

एसडीआरएफ राजस्थान के सेना नायक पंकज चौधरी के निर्देशानुसार एसडीआरएफ की बटालियन गाडौता जयपुर से वाहन रैली के रूप में रवाना होकर बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंची जहां डेमो व उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्लाटून कमांडर रोशन अली के नेतृत्व में जवानों ने डेमोस्ट्रेशन प्रस्तुत किया जिसमें विधार्थियों व स्कूल के स्टाफ को प्राथमिक चिकित्सा उपचार, भूकम्प, बाढ, दुर्घटना के समय किये जाने वाले उपाय एवं बचाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एसडीआरएफ के पास उपलब्ध आपदा बचाव राहत उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई।

गेहूं की फसल की रखवाली कर रही महिला पर सांड ने हमला किया, उपचार के दौरान मौत

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। समीप के गांव बाजना कला में गेहूं की सफल की रखवाली कर रही एक महिला पर सांड ने अचानक हमला कर दिया जिसे परिजनों ने उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

बाजना कला निवासी जसवंत सिंह लक्ष्मण विनोद भगवान सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह 11बजे करीब बाजना कला के खेतों में खड़ी फसल में 20, 25 आवारा सांड फसल को खाने के साथ रोंद रहे थे। फसल को नुकसान पहुंचाने की जानकारी मिलने पर 45 वर्षीय राधा देवी पत्नी तारा जाट आवारा जानवरों को भगाने गई। इस दौरान एक सांड ने सामने पलट कर महिला राधादेवी पर हमला बोल दिया। सांड ने अपने सीन से महिला के सिर मे टक्कर मारी।जिससे राधा देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीररूप से घायल महिला को राजकीय अस्पताल मे लाये। जहाँ

गांव बाजना कला में गेहूं की फसल की रखवाली कर रही महिला पर सांड ने हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

डाक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर सदर थाने के हैडकांस्टेबल प्रेमसिंह. लीलाराम ने परिजनों की ओर मामला दर्ज कर मैडिकल ज्यूरिष्ट डा.पुष्पेन्द्र गुप्ता से पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सुर्पुद कर दिया हैं।महिला के दो पुत्र एक.पुत्री हैं।

जिनसे मां का साया छीनने से परिवार मे कोहराम मच गया। महिला राधा देवी के दो पुत्र और एक पुत्री हैं 19 वर्षीय सौरभ 13 वर्षीय पुत्री सुलेखा तथा 11 वर्षीय पुत्र पीयूष है। मां के साथ हुए हादसे की जानकारी मिल कर तीनों बच्चों का रो-रोकर बेहाल हो गये। उनके सिर से मां का साया छीनने से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।पति तारा जाट गहरे सदमे मे आ गया। जिसने भी इस घटना को सुना वह स्तब्ध रह गया। बाजना कला में मृतक राधा देवी के खेत के पास में यशवंत सिंह का भी खेत है। वह भी खेतों में कार्य कर रहा था। राधादेवी के गेहूँ के खेत में आवारा सांडों के झूंड को देखकर खेत से भगाने गई थी।

तभी एक सांड ने पलटकर राधा देवी पर हमला बोल दिया। राधा देवी के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसने आसपास के लोगों का आवाज लगायी और पत्थर लाठी-डंडे लेकर राधा देवी को बचाने दौड़े।तब तक ग्रामीणों को देखकर आवारा सांड भाग गये।

मौके पर पहुंचे और देखा तो राधा देवी के सिर में सांड के सींग के प्रहार लगने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर सैकड़ों व परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल राधा देवी को राजकीय अस्पताल भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अन्नकूट महोत्सव में भक्तों ने जीमी प्रसादी

भरतपुर, (निस) आज बुधवार को स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला खिरनी घाट भरतपुर में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया तथा भगवान जगन्नाथ जी का फूल बंगला एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। भगवान जगन्नाथ जी, श्री बलभद्र जी एवं बहिन सुभद्रा जी की पूजा अर्चना विधि विधान पूर्वक पं. प्रेमी शर्मा द्वारा कराने के बाद महाआरती सुरेश कुमार भट्ट न्यायाधीश श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्यायाधिकरण के सानिध्य में समिति संरक्षक संजीव गुप्ता, अनुराग गर्ग, अध्यक्ष ओ.पी. गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन मित्तल, महामंत्री महेश चंद सिंघल, कोषाध्यक्ष राजेश चंद, कार्यक्रम संयोजक विष्णु लोहिया, नवरत्न गर्ग, विनोद सिंघल, चन्द्रमोहन गुप्ता एडवोकेट, सीए अतुल मित्तल, ओमप्रकाश गुप्ता, मदन मोहन सर्राफ आदि के द्वारा सम्पन्न हुई। सुनील एण्ड पार्टी द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी के भजनों का सुमधुर गायन किया।

सार-समाचार

युवक ने शनि मंदिर में की तोड़फोड़

गंगापुर सिटी (नि.स)। सवाई माधोपुर रोड स्थित शनिदेव मंदिर में एक युवक मंगलवार देर रात साढ़े 11 बजे के करीब तोड फोड करने व मंदिर का ताला तोडने का प्रयास किया गया। मंदिर के पुजारी सरकार जोशी ने सदर थाना में तोड फोड की शिकायत पेश की हैं। इस घटना की जानकारी मिलने पर मंदिर पर काफी लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। यह घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उक्त युवक ने मंदिर का ताला तोडने व चोरी करने का प्रयास किया परंतु उसमें उसे सफलता नहीं मिली। उसने वहां कच्ची दिवार को तोडकर पानी की टंकी को गिरा दिया। बिजली बल्व को तोड दिया। बाहर लगी पट्टी आदि को तोड दिया। मंदिर में रात को कोई नहीं रहता हैं परंतु सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद होने से इस वारदात का पता चल गया। पुलिस मामले की जांच कर रहीं हैं।

हल्ला बोल कार्यक्रम 25 को

भरतपुर, (निस) । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह एवं हल्ला बोल कार्यक्रम के संयोजक गिरधारी तिवारी ने कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ 25 नवम्बर को होने बाले भारतीय जनता पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की ।

सूचना

मैं राज राजेश्वरी स्टोन क्रेशर्स गुनेसरी रजि. नं. RF/KRL/2018/3813 की पार्टनरशिप डीड़ में श्री KK अग्रवाल पृथक हो रहे है एवं श्री मुदित अग्रवाल गोविन्द प्रसाद जिन्दल, राजेन्द्र सारस्वत फर्म में शामिल हो रहे है यदि किसी को ऐतराज हो तो 7 दिवस में कार्या. रजिस्टार आफ फर्मस जि. करौली के यहां अपना ऐतराज दर्ज करावें।

न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या-1 हिण्डौन सिटी

नोटिस हर खास व आम मनोज कुमार शर्मा विरूद्ध हरखास आम आदि प्रार्थना पत्र बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी मनोज कुमार शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी बी-248, महेश नगर जयपुर। हाल मेहंदीपुर बालाजी तहसील टोडाभीम जिला करौली ने स्वयं के हक में मृतक माता शान्ति देवी के बकाया राशि पेंशन 7,29,441/-रूपये जो इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड जयपुर राजस्थान पर बकाया है। हेतु अपना उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आवेदन किया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक 6-1-2022 को समय 10 A.M. बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 10-11-2021 को जारी किया गया। आज्ञा से
सीनियर रीडर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सं.-1 हिण्डौन सिटी

पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग

टोडाभीम (नि.सं.)। कस्बे के वार्ड 13 के पालिका पार्षद यशवंत कुमार गुप्ता के द्वारा विगत दस दिनों से वार्ड की पेयजल आपूर्ति गड़बड़ाने से वार्डवासियों के सामने चल रही भीषण पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीणा को दिए गए।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उक्त समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी उक्त समस्या का आज तक कोइ समुचित समाधन नही किया गया।

मोहल्ले की गड़बड़ाई पेयजल आपूर्ति की समस्या के चलते वार्डवासियों को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है विभागीय अधिकारियों के द्वारा पेयजल समस्या का कोई समुचित समाधान नहीं किया गया। पालिका पार्षद यशवंत कुमार गुप्ता के द्वारा एसडीएम को दिए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से करवाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर आमजन को पेयजल समस्या से छुटकारा दिलाए।

दूधिया की हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

भरतपुर, (निस) । रुदावल थाना क्षेत्र में एक दूधिया मलखान की हत्या करने के मामले में रुदावल थाना पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि रुदावल थाना क्षेत्र के गांव बावरी निवासी पूजा पत्नी मुखराम गुर्जर को मलखान की निर्मम तरीके से हत्या करने के लिए साजिश रचने के मामले में इस महिला को गिरफ्तार किया है।

एसपी देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि रुदावल थाना क्षेत्र में मलखान की अज्ञात लोगों के द्वारा 18 नवम्बर को निर्मम तरीके से जंगल में हत्या कर दी गई थी हत्या करने से पहले मृतक को गंभीर चोट देकर यातनाएं दी गई थी इस मामले में एसपी देवेंद्र विश्नोई ने एएसपी राजेंद्र वर्मा बयाना सीओ अजय शर्मा रुदावल थाना अधिकारी मनीष शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। इस मलखान की हत्या के संबंध में उन्होंने बताया कि मलखान दूध का काम करता था मलखान बरोदा गांव एवं

रुदावल थाना क्षेत्र में दूधिया की हत्या करने के मामले में पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बगल में स्थित बाबरी गांव से दूध लेकर डेरी पर डालता था। इस परिवार से 10 साल से दूध लेने की बजह से उसके पारिवारिक रिश्ते हो गए थे और इस परिवार की एक महिला पूजा से मृतक मलखान के 2 साल से अवैध रिश्ते भी बन गए इसी दौरान 3 महीने पहले महिला की दोस्ती गांव के ही एक व्यक्ति से हो गई और उससे भी अवैध रिश्ते बन गए ।मलखान से रिश्ते खत्म करने के लिए महिला ने अपने नए पुरुष मित्र एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर मलखान को खेत से बुला कर हत्या कर दी इस मामले में रुदावल थाना पुलिस ने इस हत्या का खुलासा 5 दिन में ही कर दिया और आरोपी महिला पूजा पत्नी मुखराम गुर्जर 30 साल निवासी बाबरी को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

समस्याएं निपटाई

सूरौठ (नि.सं.)। तहसील के समीपवर्ती ग्राम मिल्किपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे राज्य सरकार के आदेश अनुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 बुधवार को आयोजित किया गया शिविर की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी हिंडौन अनूप सिंह व तहसीलदार एच के मीना व ग्राम पंचायत सरपंच भगवत प्रसाद द्वारा की गई।

पुष्पेंद्र गुर्जर लपावली व संदीप तंवर ने बाईजट्ट निवासी त्रिलोक चन्द वशिष्ठ के नेतृत्व में दर्जनो ग्रामीणों ने महिने भर से खराब पडे ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए बिजली विभाग का ऑफिस चक्कर काटने के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं करने पर ग्रामीणों ने मिल्कीपुर शिविर मे शिविर प्रभारी एसडीएम अनूप कुमार को ज्ञापन सौंपा।

आज धूमधाम से निकाला जाएगा वरघोड़ा

करौली (निं.सं.) जैन समाज की परंपरा के अनुसार दीक्षा ले रहे अरिहंत और भव्या का आज जैन समाज की और से करौली जिला मुख्यालय पर वरघोडा निकाला जाएगा।

करौली में प्रवास कर रहे जैन मुनि धैर्य सुंदर विजय जी के सानिध्य में बड़ा बाजार स्थित पल्लीवाल जैन मंदिर से आज गुरूवार को प्रात: 9:30बजे वरघोडा निकलेगा। धैर्य सुंदर विजय महाराज के साथ निर्मोह सुंदर विजय महाराज,हर्ष सुंदर महाराज और परम सुंदर विजय महाराज भी करौली प्रवास पर हैं। बरघोडा शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगा जहां पर दीक्षा लेने वाले अरिहंत और भव्या का बहू मान किया जाएगा। बर घोडे में सकल जैन समाज के लोग शामिल रहेंगे। जिला मुख्यालय पर जैन समाज में संत आगमन और वरघोडा को लेकर उत्साह का माहौल है। धैर्य सुंदर विजय जी महाराज ने बताया कि भरतपुर जिले में नदबई निवासी भव्या की उम्र करीब 26 वर्ष है जबकि खेडली अलवर निवासी अरिहंत 25 वर्ष के हैं। दोनों की अपनी स्कूली शिक्षा के बाद अध्यात्म में रूचि हुई और साधु मार्ग अपनाने के लिए जैन संतों के संपर्क में आए।

उन्होंने बताया कि अरिहंत की दीक्षा 21 जनवरी को खेडली में और भव्या की दीक्षा 15 जनवरी को नदबई में होगी। इसी प्रक्रिया में आज गुरूवार को उनका करौली में वरघोडा निकाला जाएगा। जनवरी माह में दीक्षा लेने वाले अरिहंत और भव्या विगत कई वर्षों से तप की राह पर हैं।

शिक्षक चलाते है स्कूल में स्मार्ट फोन, आखिर कैसे हो पढ़ाई

करौली/सपोटरा (निं.सं.) राजस्थान सरकार जहां बच्चों को शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है वही करौली जिले में एक सरकारी विद्यालय ऐसा है जहां पर विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका बच्चों के बीच दिन भर मोबाइल स्मार्टफोन चलाते हैं।

करौली जिले के उपखंड सपोटरा की ग्राम पंचायत बाजना के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामठरा के सरकारी विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका बच्चों को पढाने के बजाय ग्राउंड में स्मार्टफोन चलाते हैं।ग्रामीणों से मिल रही शिकायतों पर हकीकत को जानने के लिए संवाददाता जब राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामठरा पहुंचा तो स्कूल के ग्राउंड में स्कूल की अध्यापिका और अध्यापक स्मार्टफोन चलाते हुए मिले जैसे ही हमारे संवाददाता ने स्मार्टफोन चलाने की फोटो और वीडियो लेने के लिए कैमरा निकाला तो आनन-फानन में अध्यापिका और अध्यापक अपनी-अपनी क्लासों की ओर जाने लगे लेकिन तब तक दोनों की हरकत कैमरे में कैद हो गई। जब संवाददाता के द्वारा स्कूल में चल रही बच्चों की क्लास में जाकर देखा गया तो वहां पर क्लास में अध्यापक की कुर्सी खाली पडी हुई थी और बच्चे बैठे हुए थे। लेकिन बच्चों को शिक्षा देने बाले गुरुजी नदारद थे। जब संवाददाता ने बच्चों से गुरुजी के द्वारा नहीं पढाने को लेकर पूछा तो बच्चे कुछ नहीं बोले और चुप हो गए। छोटे बच्चे होने के कारण जब संवाददाता ने विद्यालय की कक्षा 6 में जाकर देखा तो वहां पर भी अध्यापक की कुर्सी खाली पडी हुई थी। और बच्चे किताबों को सामने रखकर बैठे हुए थे लेकिन क्लास में बच्चों को पढाने वाला कोई भी मौजूद नहीं था जब संवाददाता ने स्कूल में अध्यापक अध्यापिका के बिना क्लासों में बैठे बच्चों के बारे में प्रधानाध्यापक विजेंद्र गुप्ता से बात की तो उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्यालय में कुल 121 बच्चों का नामांकन है। और विद्यालय में 5 अध्यापक और एक अध्यापिका पदस्थापित है। लेकिन विद्यालय के अध्यापक रामरूप मीणा आज अवकाश पर है। और अध्यापक मुनेश मीणा विद्यालय की डाक लेने तथा पुस्तक लेने बाजना विद्यालय गए हुए हैं। हमारे द्वारा कक्षा 1से 3 और कक्षा 4 व 5 के बच्चो को सम्मिलित रूप से बैठाया हुआ है तथा कक्षा 6, 7 और 8 को अलग-अलग बैठाया हुआ है। जब संवाददाता ने बिना गुरुजी के क्लास में बैठे बच्चे और स्मार्टफोन चलाते अध्यापक अध्यापिका के बारे में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह जादौन से दूरभाष पर बात की तो उन्होंने कहा कि आज मैं छुट्टी पर हूं और यदि स्कूल समय के दौरान अध्यापक अध्यापिका स्मार्टफोन चला रहे हैं तो यह गलत बात है यदि ऐसा है तो मामले की जांच करवाएंगे।

अभियान में 70 पट्टे वितरित किए

टोडाभीम (नि.सं.)। ग्राम पंचायत बौल में बुधवार को आयोजित प्रशासन गांव के संग अभियान में एक ही छत के नीचे सभी विभागों की सुविधाएं प्रदान की गई ग्राम पंचायत सगरबाई मीना एवं ग्राम विकास अधिकारी मुरारीलाल उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रशासन गांव के संग शिविर आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा ग्रामीणों की समस्याए सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में कृषि विभाग के द्वारा 35 लोगों के खेतों की मिट्टी के नमूने सैंपल लिए गए, 06 मृदा स्वास्थ्य काडी का वितरण, पौध सरक्षण उपकरण 04, कृषि साहित्य वितरण 900 सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पॉलिसी वितरण का 145 किया गया। जन एव स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के द्वारा पानी के 15 सैंपल लिए गए, जिसमें फ्लोराइड, क्षारीय क्षमता, कठोरता एवं पीएच की जांच की गई।

विकास कार्य केन्द्र सरकार की गाईडलाईन के अनुसार हो : सांसद

करौली (निं.सं.)। करौली-धौलपुर सांसद डॉ मनोज राजोरिया ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले मे केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्य केन्द्र सरकार की गाईडलाईन के अनुसार हो जिससे कि गांव व शहर का सामुहिक रूप से विकास हो सके। आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिये अधिकारी सक्रिय रहकर योजनाबद्ध रूप से कार्य करें। इसके साथ ही उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर के साथ साथ गांवों में भी चिकित्सा, शिक्षा, सडक,नालिया, साफ सफाई, विद्युत, पेयजल की समुचित व्यवस्था हो और सडकों पर पानी इकत्रित नही हो विद्यालयो का विकास आदि योजनाबद्ध रूप से होंगे तो निश्चित ही गांव में खुशिहाली आयेगी।

करौली कलेक्ट्रेट के सभागार हॉल में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सांसद डॉ. मनोज राजौरिया ने प्रधानमंत्री सडक योजना मे लंबित कार्यो को शीघ्र

करौली कलेक्ट्रेट में सांसद मनोज राजौरिया ने बैठक को सम्बोधित किया। इस दौरान जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहांग आदि मौजूद थे।

पूरा करने एवं नये सडको के प्रस्ताव बनाने, गांवों में लगाये गये आरओ की स्थिति ठीक करने,जल जीवन मिशन के तहत अधिक से अधिक कनेक्शन करने, मनरेगा, चंबल पेयजल योजना, पालनहार योजना,पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जहां जहा कार्य चल रहे है उनका अधिकारी औचक निरीक्षण करे और इस बात का ध्यान रखे कि विकास कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नही करें यह भी सुनिश्चित किया जायें। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानते हुए कार्यवाही की जायेगी। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारी को बिजली की समुचित सप्लाई रखने, बकाया कृषि व घरेलू कनेक्शनों को शीघ्र ही जारी करने,नगर परिषद आयुक्त को करौली व हिण्डौन मे सफाई व्यवस्था करने एवं हिण्डौन मे अमृत योजना के संबंध मे पूर्ण सूचना उपलब्ध करवाने, पीएम आवास योजना व स्वच्छ भारत अभियान के सहित अन्य योजनाओं की प्रगति करने, कृषि विभाग के अधिकारी को पीएम फसल बीमा योजना के तहत कृषकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के साथ साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना,पीएम कृषि सिचांई योजना सहित अन्य योजनाओं के समय पर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होने सीएमएचओ को संस्थागत प्रसव बढाने,कोरोना टीकाकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य के साथ कोरोना के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग के अधिकारी को शिक्षा का स्तर सुधारने, स्कूलों में कम्प्यूटर लैब प्रारंभ करने एवं बच्चों को कम्प्यूटर विषय मे अधिक से अधिक शिक्षित करने एवं रसद अधिकारी को राशन वितरण समय पर करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने केन्द्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिये जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए आवश्सन दिया।बैठक में जिला परिषद के सीईओं महावीर प्रसाद नायक,अति0 पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद, रसद अधिकारी रामसिंह मीना सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर

क्रमांक-800 दिनांक: 24.11.2021

सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

क्रं. सं.	आवेदक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल वर्गगज	आवासीय/ व्यावसायिक	आपत्ति प्रस्तुत करने का समय
1.	मुकेश चन्द अग्रवाल पुत्र गिरधारी लाल गुप्ता	गंगापुर	215/588	80	आवासीय	7 दिवस
2.	कमरूद्दीन पुत्र रोशन	गंगापुर	144	140	आवासीय	7 दिवस
3.	जगदीश प्रसाद गुप्ता व मुकेश चन्द गर्ग पुत्र नन्दकिशोर गुप्ता	बाढ सालोदा	14	137.78	आवासीय	7 दिवस
4.	भगवान सहाय कोली पुत्र नाथूलाल कोली	गंगापुर	427	133.33	आवासीय	7 दिवस
5.	ब्राहमानन्द आर्य पुत्र श्यामलाल आर्य	सालोदा	112	97.22	आवासीय	7 दिवस
6.	शफी खां पुत्र शकूर खां	चूली	244 से 249	116.66	आवासीय	7 दिवस
7.	श्रीमति आशा कंवर पत्नि प्रेमसिंह राजूपत	मिर्जापुर	1025, 1029	222.22	आवासीय	7 दिवस
8.	घनश्याम मीना पुत्र बुधराम मीना	हिंगोटया	1077/6	266.67	आवासीय	7 दिवस
9.	श्रीमति विधा देवी पत्नि विमल कुमार	महुखुर्द	43	225.00	आवासीय	7 दिवस
10.	गिर्राज प्रसाद गुप्ता पुत्र रामप्रताप गुप्ता	बाढ सालोदा	14	133.33	आवासीय	7 दिवस
11.	रोशन खान पुत्र शकूर खान	गंगापुर	339,341,348	234.22	आवासीय	7 दिवस
12.	राजेन्द्र कुमार गोयल पुत्र हरिचरण लाल	मिर्जापुर	1171/953	133.33	आवासीय	7 दिवस
13.	पप्पूलाल अग्रवाल पुत्र सूरजमल अग्रवाल	गंगापुर	331	66.66	आवासीय	7 दिवस
14.	नफीसा पत्नि महमूद	ब्रहमवाद	324,325	327.78	आवासीय	7 दिवस
15.	रजनी बाला पत्नि चन्द्रभान	हिंगोटया	20	133.33	आवासीय	7 दिवस
16.	रवि सोनी पुत्र मुरारी लाल सोनी	गंगापुर	508,509	133.33	आवासीय	7 दिवस
17.	सत्यवीर आर्य पुत्र श्यामलाल गोस्वामी	सालोदा	110	67.67	आवासीय	7 दिवस
18.	भगवान सहाय कोली पुत्र नाथूलाल कोली	गंगापुर	427	133.33	आवासीय	7 दिवस
19.	जगमोहनलाल पुत्र मिच्चूराम	सालोदा	444	162.44	आवासीय	7 दिवस
20.	अजय कुमार मीना व अभिषेक मीना पुत्र राजहंस मीना	सालोदा	02	266.67	आवासीय	7 दिवस
21.	हनुमान प्रसाद मंगल पुत्र भरोसी लाल मंगल	उदेईकलां	69,71/5734	133.33	आवासीय	7 दिवस
22.	श्रीमति प्रेम देवी पत्नि कैलाश चन्द कण्डेरा	गंगापुर	292 से 295	133.33	आवासीय	7 दिवस
23.	पलाश अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश	मिर्जापुर	347	140.00	आवासीय	7 दिवस
24.	मुकेश चन्द अग्रवाल पुत्र गिरधारी लाल	नामनेर	61	133.33	आवासीय	7 दिवस
25.	मोहनलाल गुप्ता पुत्र लक्खीराम	सालोदा	108,117	133.33	आवासीय	7 दिवस
26.	श्रीमति अनीता गुप्ता पुत्र हनुमान प्रसाद गुप्ता	उदेईकलां	69,71/5734	133.33	आवासीय	7 दिवस
27.	श्रीमति रजनी बाला पुत्र चन्द्रभान	महानन्दपुर	219	150.00	आवासीय	7 दिवस
28.	गणेश कुमार मीना पुत्र रामकेश मीना	सालोदा	05	106.66	आवासीय	7 दिवस
29.	भवानी सिंह पुत्र गिर्राज सिंह	उदेईकलां	5841	266.66	आवासीय	7 दिवस
30.	रवि सोनी पुत्र मुरारीलाल सोनी	गंगापुर	508,509	133.33	आवासीय	7 दिवस
31.	प्रभूलाल पुत्र गोरधन	गंगापुर	463/663	69.44	आवासीय	7 दिवस
32.	ओमप्रकाश सैन पुत्र कृष्ण गोपाल सैन	मिर्जापुर	430	116.66	आवासीय	7 दिवस
33.	मोहनलाल गुप्ता पुत्र लक्खीराम	सालोदा	116	59.11	आवासीय	7 दिवस
34.	श्रीमति प्रेम देवी पत्नि स्व. आदर्श कुमार	बाढसालोदा	60 से 65,71, 73 से 77,79	116.66	आवासीय	7 दिवस
35.	श्रीमति कृष्णा देवी पत्नि हाकिम सिंह	उदेईकलां	5736	116.67	आवासीय	7 दिवस
36.	श्रीमति नमो देवी पत्नि अमर सिंह गुर्जर	ब्रहमबाद	723/407, 725/408	111.11	आवासीय	7 दिवस
37.	श्रीमति शीला पत्नि घनश्याम मीना	हिंगोटया	1077/06	266.67	आवासीय	7 दिवस
38.	श्री अमर सिंह गुर्जर पुत्र सुग्रीव गुर्जर	ब्रहमवाद	723/407, 725/408	223.61	आवासीय	7 दिवस
39.	श्रीमति माया गुप्ता पुत्र विकास गुप्ता	गंगापुर	470/55	133.33	आवासीय	7 दिवस
40.	रमेश सिंह पुत्र हरि सिंह	सालोदा	397,391, 407,408	133.33	आवासीय	7 दिवस
41.	मुकीम अहमद पुत्र जुम्मा खां	उदेईकलां	5550	266.67	आवासीय	7 दिवस
42.	श्रीमति रीना गोयल पत्नि संतोष कुमार गोयल	उदेईकलां	5728,5729	80.00	आवासीय	7 दिवस

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों में पट्टा देने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उक्त वर्णित अवधि में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। अंदर अवधि में आपत्ति पेश नही होने पर आवेदकनकर्ता को भूमि का नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात कोई भी आपत्ति नही सुनी जायेगी। सूचित रहे।

आयुक्त
नगर परिषद गंगापुर सिटी